www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

सुविचार



कभी भी दुष्ट लोगों की सक्रियता समाज को बर्वाद नहीं करती, बल्कि हमेशा अच्छे लोगों की निष्क्रियता समाज को बर्वाद करती है।

- शिव खेड़ा

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- वैवाहिक समारोह में बवाल, चले धारदार हथियार II
- ट्रांसफार्मर के लिए व्यापारियों ने किया प्रदर्शन III
- लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया IV

# अलीगंज की विहान इंडेन एजेंसी में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आपूर्ति विभाग, इंडेन के अफसरों को कम मिले 661 सिलेंडर
- गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट
- 23 मार्च को भी इस एजेंसी में कम मिले थे गैस सिलेंडर
- कारण बताओ नोटिस का संचालक ने नहीं दिया था जवाब

**अमृत विचार:** अलीगंज इलाके में विहान इंडेन गैस सर्विस शेखुपुरा में रसोई गैस की कालाबाजारी पकड़ी गई है। विभागीय अधिकारियों की जांच में एजेंसी में 661 गैस सिलेंडर कम मिले। इस मामले में आपूर्ति निरीक्षक आरएन मिश्रा ने विकासनगर थाने में एजेंसी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 23 मार्च को भी इस एजेंसी में सिलेंडरों की कमी पाई गई थी। तब संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन तब भी संचालन ने कोई जवाब नहीं दिया था।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक और इंडियन ऑयल कंपनी के अधिकारियों ने 14 अप्रैल की सुबह 7: 30 बजे विकासनगर स्थित अलीगंज विहान गैस सर्विस शेखुपुरा की जांच की। इसमें ऑन लाइन स्टॉक और गोदाम में मिले सिलेंडरों का मिलान किया गया। ऑन लाइन रिपोर्ट में सैकड़ों भरे और खाली सिलेंडर दर्ज थे, जबकि मौके पर गोदाम में केवल 22 खाली सिलेंडर ही मिले, भरा सिलेंडर एक भी नहीं मिला। एजेंसी के रिकार्ड के अनुसार 269 खाली और 392 भरे समेत 661 सिलेंडर कम मिले। गैस एजेंसी संचालक राहुल गंगवार इस संबंध में अधिकारियों को संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

### दो दिन के स्टॉक का नहीं मिला रिकार्ड



टीम की जांच में सामने आया कि 6 और 7 अप्रैल को एजेंसी को 702 घरेलू सिलेंडर मिले थे। इनका ऑनलाइन सिस्टम में रिकार्ड ही दर्ज नहीं किया गया। न स्टॉक रजिस्टर में कोई विवरण दर्ज किया गया। इन सिलेंडरों की आपूर्ति संदिग्ध पाई गई। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी से जुड़ा प्रतीत होता है। आरोप है कि एजेंसी ने उपभोक्ताओं को सिलेंडर न देकर बाजार में ऊंचे दाम पर बेच दिया। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने गोमतीनगर स्टेशन का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फ्लाईओवर एरिया, एयर कॉनकोर्स, पार्किंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और साफ-सफाई का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को यात्री सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए।

## शहर में आज



- काकोरी के मुन्नालाल खेड़ा, सैथा में विश्व धरोहर दिवस पर उप्र. राज्य पुरातत्व निदेशालय के संस्कृति विभाग की ओर से निबंध, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं– 9 :30 बजे से।
- आईआईएम में निर्णय और निति निर्माण में नारी की भूमिका विषय पर संगोष्ठी– 11 :00 बजे से।
- विश्व हिन्दू रक्षा परिषद की ओर से पीड़ितो को वस्त्र और भोजन वितरण, स्थान– विकास नगर क्षेत्र, टेढ़ी पुलिया रिंग रोड के किनारे स्थित झुग्गी बस्ती, सुबह 11 बजे
- ऐक्टू के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर मजदूरों का परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च– 12 :00 बजे से।
- चिनहट विकास खंड सभागार में ऑडिट टीम द्वारा प्रस्तर निस्तारण संबंधित ग्राम सचिवों के साथ बैठक– 1 :00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश शुल्क में बढोत्तरी के खिलाफ एनएसयूआई प्रदर्शन का कुलपति को ज्ञापन सौंपेगी– 1 :00 बजे से।
- रीवर बैंक कालोनी के इन्स्टीट्यूशन आफ इन्जीनियर्स सभागार में माइंड मैटर्स ए न्यूरोलॉजिकल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम– 4 :30 बजे से।
- सेन्ट्रल बार एसोसिएशन सभागार सिविल कोर्ट में अधिवक्ता कल्याणकारी एसोसिएशन की ओर से दिवंगत अधिवक्ताओं के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह– 4 :00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# डिफाल्टरों के लिए एलडीए व आवास विकास की ओटीएस योजना आज से

## एलडीए ने चार हजार डिफाल्टर चिह्नित कर फोन और ई-मेल पर भेजी सूचना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपाध्यक्ष की स्वीकृति के बिना निरस्त नहीं किए जाएंगे आवेदन
- एलडीए में हेल्प डेस्क स्थापित कर्मचारी खुद भरेंगे फार्म
- सभी योजनाओं में शिविर भी लगाएगा एलडीए

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू 18 अप्रैल से शुरू हो रही है। इसमें डिफाल्टर दंड ब्याज की छूट का लाभ उठाकर धनराशि जमा कर समाधान करा सकते हैं। एलडीए ने लगभग चार हजार डिफाल्टर आवंटियों को चिन्हित किया गया है। इनमें आश्रयहीन, ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी के अलावा अन्य आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों व मानचित्र के बकायेदार शामिल हैं। इन सभी के कॉल सेंटर एवं आईटी सेल के माध्यम से फोन, मैसेज व ई-मेल के माध्यम से सूचना भेज दी गई है। सभी 17 जुलाई तक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

योजना के तहत एलडीए में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां कर्मचारी मौके पर ऑनलाइन फार्म भरेंगे। लाभ प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को मिले, इसके लिए सभी योजनाओं में शिविर लगेंगे। बकायेदार आवंटी इन शिविर में जाकर आवेदन कर सकेंगे। ओटीएस के आवेदन में निचले स्तर से किसी भी तरह की गैर जरूरी आपत्ति अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई न हो। इसके लिए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अलग से आदेश जारी किये हैं।

उनकी बिना स्वीकृति के ओटीएस के किसी भी आवेदन में आपत्ति अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की जाएगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि लगभग चार हजार डिफाल्टर आवंटियों को चिन्हित किया गया है। इनमें आश्रयहीन, ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी के अलावा अन्य आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों व मानचित्र के बकायेदार शामिल हैं। इन्हें कॉल सेंटर एवं आईटी सेल के माध्यम से फोन, मैसेज व ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी गयी है।

### आवास विकास के बकाये पर नहीं देना पड़ेगा चक्रवृद्धि ब्याज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र आवास एवं विकास परिषद के डिफाल्टर आवंटी शनिवार से ओटीएस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए परिषद के सम्पत्ति कार्यालयों से लेकर घर बैठे ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सेक्टर 9 वृंदावन योजना स्थित परिषद कार्यालय पर हेल्प डेस्क बनाई गई है। लखनऊ जोन में ही परिषद ने करीब 1600 डिफाल्टर आवंटियों को ओटीएस योजना के लिए नोटिस दिया है। इनकी संख्या और बढ़ सकती है। इनमें वृंदावन योजना, अवध विहार योजना, इन्दिरा नगर, आम्रपाली योजना, राजाजीपुरम योजना और अयोध्या योजना के आवंटी शामिल हैं। जोनल आयुक्त लखनऊ जोन एवं उप आवास आयुक्त चंदन पटेल ने बताया कि योजना के तहत डिफाल्टर आवंटियों को बकाये पर चक्रवृद्धि ब्याज नहीं देना पड़ेगा। परिषद के कार्यालयों में इसके लिए हेल्प डेस्क बनाई गयी है। उन्होंने बताया कि घर बैठे भी परिषद की वेबसाइट upavp.co.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### दंड एवं चक्रवृद्धि ब्याज से छूट, बने संपत्ति के मालिक

यह योजना प्राधिकरण की सभी प्रकार की आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों, सरकारी संस्थाओं को आवंटित सम्पत्तियों एवं स्कूल भूखंडों, चैरिटेबल संस्थाओं, नीलामी अथवा अन्य पद्धति से आवंटित सम्पत्तियों, सहकारी आवास समितियों को आवंटित सम्पत्तियों व मानचित्रों के लिए खोली गई है। जिन लोगों पर समय से किश्तें जमा न करने की सूरत में दंड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज रोपित हो गया है, वह सभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसमें दंड ब्याज से छूट मिलेगी और लोग बकाया धनराशि जमा करके अपनी सम्पत्ति के मालिक बन सकेंगे।

### सॉफ्टवेयर से होगी गणना, तीन माह के अंदर निस्तारण

आवेदन जमा करने की तिथि से तीन माह के अंदर निस्तारण होगा। डिफाल्ट अवधि के लिए दंड ब्याज से पूरी राहत। केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, इसकी गणना सॉफ्टवेयर से होगी। ओटीएस की पूरी राशि 30 दिन में जमा करने पर तीन प्रतिशत छूट मिलेगी। ओटीएस की रकम 50 लाख रुपये से अधिक है तो एक तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी तीन द्विमासिक किस्त में छह माह में देना होगा। समय से पैसा न देने पर अतिरिक्त दंड ब्याज के साथ एक माह में जमा करने का मौका मिलेगा।





तेज धूप से बचने के लिए गमछे से खुद को ढककर जाते राहगीर। अमृत विचार

# आज से और बढ़ेगा तापमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शनिवार को 41 और रविवार को 42 डिग्री पहुंचने की संभावना
- अभिभावकों और शिक्षकों ने की स्कूलों का समय बदलने की मांग

**अमृत विचारः** शहर में शुक्रवार को हालांकि अधिकतम तापमान में वृद्धि नहीं हुई, लेकिन तेज धूप ने लोगों को बेहाल किया। अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 और रविवार को 42 डिग्री पहुंचने की संभावना है।

न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री पहुंचने की संभावना है। बढ़ती गर्मी के कारण अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रशासन से स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग कर दी है। पारा चढ़ने से प्राथमिक विद्यालय के बच्चे गर्मी से बेहाल हो रहे हैं और उपस्थिति भी घट रही है। गर्मी और तेज धूप को देखते हुए अभिभावकों और शिक्षकों ने स्कूली समय में परिवर्तन की मांग शुरु कर दी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों का कहना है कि गांव में गेहूं का कटान चल रहा है, जिससे अक्सर लाइट में भी कटौती की जा रही है। दोपहर में लाइट जाने पर कमरों में बैठना काफी कष्टकारी महसूस होता है जिससे उनके स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कुछ बच्चे काफी दूर से स्कूल आते है और छुट्टी के समय घर वापस लौटते समय तेज धूप में बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिससे विद्यालयों की उपस्थिति पर भी असर पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियो, लू व गर्मी में बचाव के पर्याप्त संसाधन के अभाव को देखते हुए समय में परिवर्तन किया जाए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ केप्रवक्ता हरिशंकर राठौर ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद प्रदेश के सभी विद्यालयों में वर्ष 2015 तक ग्रीष्मकाल में विद्यालय संचालन समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुआ करता था। निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार में स्पष्ट उल्लिखित है इसलिए समय का परिवर्तन करना बच्चों के लिए उचित रहेगा।

## सिटी ब्रीफ

### नोएडा की घटना से एनएचएम कर्मियों में बढ़ा असंतोष

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों से जुड़ी घटना तूल पकड़ती जा रही है। इससे एनएचएम कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि केंद्र सरकार ने समय–समय पर एनएचएम कर्मियों के लिए कई प्रावधान किए गए, लेकिन प्रदेश में उन्हें प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2011 में राज्यों को नियमित पद सृजित कर संविदा कर्मियों के समायोजन का सुझाव, 2016 में वेतन सुधार के लिए हर साल तीन प्रतिशत अतिरिक्त बजट का प्रावधान, वर्ष 2018 में सामूहिक बीमा, अन्य सुविधाओं के लिए बजट और स्थानांतरण नीति लागू करने की बात कही गई थी। इनका प्रदेश में समुचित क्रियान्वयन नहीं हुआ। मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाणा, ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र, मणिपुर और हिमाचल प्रदेश में कई फैसले लागू किए जा चुके हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### केजीएमयू में कर्मचारी परिषद के सदस्यों पर वसूली का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में कर्मचारी परिषद पर कुछ सदस्यों पर एसीपी लगवाने, स्थानांतरण और सेवा पुष्टि के नाम पर जबरन धन वसूली के आरोप लगाए हैं।कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। इसमें परिषद के कुछ सदस्य विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए कर्मचारियों से पैसे मांगने आरोप लगाया गया है। ये भी आरोप है कि परिषद चुनाव के दौरान समर्थन हासिल करने के लिए प्रलोभन दिए गए थे। अब पद मिलने के बाद वसूली की जा रही है। वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों का आरोप है कि वह ज्यादातर समय मरीजों की देखभाल में व्यस्त रहते हैं, लेकिन अब उन्हें आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव के बीच काम करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि इस स्थिति के चलते उन्हें घर चलाने के लिए कर्ज तक लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर चलाई जाएगी विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रेल प्रशासन सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर 00507 गोमती नगर-वेरावल फुल टैरिफ रेट (एफटीआर) 19 से 26 अप्रैल तक विशेष गाड़ी का संचालन करेगा। ये ट्रेन 19 अप्रैल को गोमती नगर से 16:30 बजे प्रस्थान करेगी।

कानपुर सेंट्रल, मथुरा जंक्शन, बांदीकुई, जयपुर, अजमेर और आबूरोड होते हुए 21 अप्रैल को सुबह 06:05 बजे वेरावल पहुंचेगी। वापसी में 24 अप्रैल को वेरावल से चलकर 26 अप्रैल को गोमती नगर पहुंचेगी। कुल 16 कोच में 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी और 2 जनरेटर सह लगेज यान होंगे।

### अवैध वेंडरों पर सख्ती

लखनऊ जंक्शन पर चलाए गए अभियान के तहत 168 अधोमानक पानी की बोतलें जब्त की गईं। यह कार्रवाई अनाधिकृत वेंडरों और ओवरचार्जिंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई। मंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# दो फेज में 64 सेक्टर, तीन लाख को आवास की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश की सबसे बड़ी आवासीय योजना होगी एलडीए की वरुण विहार
- जून में फेज-1 के कैलाश व काशी

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के करीब प्रदेश की सबसे बड़ी आवासीय योजना वरुण विहार विकसित करने जा रहा है। 2270 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस योजना को दो फेज में 64 सेक्टरों में विकसित किए जाएंगे, जिनमें तीन लाख से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। सेक्टरों के नाम ''क'' से शुरू होंगे।

फेज-1 के दो सेक्टरों को कैलाश और कांशी खंड नाम दिया गया है। इनमें 2100 भूखंडों का पंजीयन खोलकर एलडीए जून में लांचिंग करेगा। एसडीएम विराग कावरिया ने बताया कि फेज-1 में 25 सेक्टर व शेष फेज-2 में सेक्टर बनेंगे।

योजना में सदर व सरोजनी नगर तहसील के ग्राम भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की 370 हेक्टेयर जमीन खरीद कर बैनामा करा लिया है। करीब 1600 किसानों को फौरन भुगतान करके कब्जा ले लिया है। 930 हेक्टेयर जमीन के आवेदन और आए हैं। इस तरह से 50 फीसद जमीन मिल चुकी है। योजना में भूखंड, ग्रुप हाउसिंग, रो-हाउस, ईब्ल्यूएस आवास, फ्लैट, शहरी आवास बनेंगे। योजना में कॉमर्शियल दुकानें, एजुकेशनल, बड़े पार्क, गोल्फ कोर्स, आईटी सेक्टर आदि विकसित किया जाएगा। इसके अलावा एलीवेटेड रोड बनाकर शहर से योजना को जोड़ा जाएगा।

### अनुभूति अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए को हैंडओवर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अलीगंज योजना स्थित अनुभूति अपार्टमेंट नव गठित रेजीडेंट वेलफयर एसोसिएशन को हैंडओवर कर दी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को कार्यालय में हैंडओवर पत्र सौंपा। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि अलीगंज योजना के सेक्टर–सीएस में सीतापुर रोड पर स्थित अनुभूति अपार्टमेंट का निर्माण वर्ष 2018 में पूर्ण हुआ था। निर्माण पूर्ण होने से लेकर अब तक अपार्टमेंट में अनुरक्षण का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा था। उपाध्यक्ष ने अनुरक्षण कार्यों का हैंडओवर आरडब्ल्यूए के पक्ष में करने के निर्देश दिये थे। आवंटियों के मध्य चुनाव कराकर अनुभूति अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया है।



अनुभूति अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को हैंडओवर पत्र देते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।


सुविधा — वेंटिलेटर खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में, फेफड़ों की बीमारियों के गंभीर मरीजों को मिलेगी राहत

# केजीएमयू पल्मोनरी विभाग में बढ़ेंगे 10 वेंटिलेटर बेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में 10 वेंटिलेटर बेड बढ़ाए जाएंगे। वेंटीलेटर बेड खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में है, अगले दो महीनों में नए बेडों पर मरीजों को इलाज मिलने की संभावना है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी भवन फेज-2 में संचालित पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में में 33 वेंटिलेटर हैं। ये वेंटिलेटर लगभग हर समय भरे रहते हैं। प्रदेश भर से लाए जाने वाले फेफड़ों की गंभीर बीमारियों के मरीजों को अक्सर वेंटिलेटर बेड खाली न होने पर इंतजार करना पड़ता है। मरीजों की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए वेंटिलेटर बेड बढ़ाए जा रहे हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि वेंटिलेटर खरीद की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एक से दो महीनों में 10 वेंटिलेटर बेड बढ़कर उन पर मरीजों की भर्ती शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों को आधुनिक और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग में वेंटिलेटर के साथ-साथ एक्मो जैसी अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से फेफड़ों की गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों का इलाज किया जा रहा है।



### सस्ती दवाओं की बिक्री 125 प्रतिशत तक बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने सस्ती दवाओं और सर्जिकल आइटम की बिक्री में एक वर्ष में 125 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इन आंकडों पर प्रशासन ने रिपोर्ट तैयार की है, जिसके आधार पर भविष्य में नए मेडिकल स्टोर खोलने का निर्णय लिया जाएगा। 4000 हजार बेड क्षमता वाले केजीएमयू की ओपीडी में प्रतिदिन सात हजार से अधिक मरीज आते हैं। ज्यादातर बेड भरे रहते हैं।मरीजों को सस्ती दवाएं और सर्जिकल सामान उपलब्ध कराने के लिए परिसर में विभागवार हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) के तहत 22मेडिकल स्टोर संचालित हैं। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के अनुसार विभागवार दवा बिक्री से मरीजों को अधिक लाभ मिल रहा है। स्टोर्स पर लगभग 4500 प्रकार की दवाएं और सर्जिकल आइटम उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत बाजार से 50 से 70 प्रतिशत तक कम है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023–24 में इन स्टोर्स का कारोबार 111 करोड़ रुपये था, जो 2024–25 में बढ़कर 256 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली अधिकांश दवाएं इन स्टोर्स पर आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बाहर की महंगी मेडिकल दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।



# कचरे और सीवर के बीच पीने का पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू के शताब्दी फेज-एक में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ संक्रमण का खतरा बढ़ा

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) शताब्दी फेज-एक भवन के कचरे व उफनते सीवर के बीच मरीज और तीमारदारों के पानी पीते शुक्रवार को वीडियो वायरल हुआ है।फेज-एक और फेज-दो के बीच लगे पानी के नल के आसपास अस्पताल का बायोमेडिकल वेस्ट इकट्ठा किया जा रहा है। पास में सीवर भी उफन रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हॉस्पिटल वेस्ट और सीवर के पास मौजूद पानी पीना गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है। खासतौर पर कैंसर, पेट और गुर्दा रोग जैसे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले ही कमजोर होती है, जिससे वे संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। स्थानीय लोगों और तीमारदारों ने प्रशासन से साफ-सफाई कराकर सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।



कचरे के बीच लगे नल से पानी लेकर जाता तीमारदार।

## सिटी ब्रीफ

### लिंक भेजकर महिला से ठगे 10.50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेलीग्राम पर लिंक भेज कर साइबर जालसाज ने महिला को फंसाया। निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 10 .50 लाख रुपये ऐंठ लिए। एडीसीपी क्राइम किरन यादव के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकासनगर स्थित पीएनबी कॉलोनी निवासी अवेदिता कौल ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 को उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप में जुड़ गई। ग्रुप में उन्हें निवेश से जुड़े आकर्षक ऑफर और मोटे मुनाफे के बारे में बताया गया। इसी दौरान उन्हें एक वेबसाइट फेयर निवेश डॉट कॉम के बारे में बताया गया। पीड़िता ने वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर शुरुआत में कुछ रुपये निवेश किए। कुछ ही समय मुनाफा दिखने पर उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने अपने बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से कई बार में 10 .50 लाख रुपये निवेश कर दिए। अवेदिता ने बताया कि 20 जनवरी को उन्होंने अपनी आईडी लॉगिन करने के लिए वेबसाइट खोली तो वह नहीं खुली। साथ ही टेलीग्राम ग्रुप भी डिलीट था।

### रिटायर्ड नायब सूबेदार से ठगे 95 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड नायब सूबेदार को डिजिटल अरेस्ट कर 95 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने खुद को एनआईए अधिकारी बताकर पीड़ित पर आतंकी गतिविधियों में शामिल व्यक्ति की मदद करने का आरोप लगाया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर चार दिन तक व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर रखा। इंदिरानगर सेक्टर-14 निवासी 83 वर्षीय बद्री प्रसाद के अनुसार 6 अप्रैल 2026 को उन्हें व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को राष्ट्रीय जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ देशद्रोह के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। पीड़ित द्वारा खुद को सेना से सेवानिवृत्त बताने पर भी जालसाजों ने उन्हें धमकाया और 6 से 9 अप्रैल तक लगातार निगरानी में रखा। इस दौरान आरोपियों ने फर्जी गिरफ्तारी वारंट व अन्य दस्तावेज भेजे और कार्रवाई से बचाने के नाम पर रुपये की मांग की। डर और दबाव में आकर पीड़ित ने दो किश्तों में 95 लाख रुपये बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में परिजनों को जानकारी देने पर ठगी का पता चला।

# वैवाहिक समारोह में बवाल, चले धारदार हथियार, हुआ पथराव

**दोनों पक्षों की तहरीर पर चौक कोतवाली में 7 नामजद व 25 अज्ञात पर डकैती की रिपोर्ट दर्ज**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई



**अमृत विचार:** चौक में जेबीपी गार्डेन में आयोजित वैवाहिक समारोह में जमकर बवाल हुआ। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। एक पक्ष ने जानलेवा हमला कर वाहनों में तोड़फोड़ और दूसरे पक्ष ने छेड़छाड़ व हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 7 नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ डकैती समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


विकासनगर सेक्टर-5 निवासी अजय राज सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल को रात 11 बजे वह जेबीपी गार्डेन में आयोजित शादी समारोह में दोस्त समृद्ध सिंह, असद, फैसल, अफसान गाजी व तीन अन्य लोगों के साथ पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे वह खाने की प्लेट लेने पहुंचे, तभी दूसरे पक्ष से दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए यहां से निकल जाने की बात कही। विरोध पर दोनों आरोपी व उसके करीब 15-20 अज्ञात साथियों ने रॉड व धारदार हथियार से सभी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने जमकर पथराव किया और समृद्ध सिंह की सोने की चेन और सोने का ब्रेसलेट लूट लिया। आरोपियों ने उनकी दो कारों में भी तोड़फोड़ की। पीड़ितों ने किसी तरह साथियों संग वहां से भागकर अपनी जान बचायी। पीड़ित अजय राज सिंह ने 16 अप्रैल को दो नामजद व करीब 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, दूसरे पक्ष से महिला ने बताया कि उनके देवर की शादी थी। पड़ोसी होने के चलते फैसल को समारोह को आमंत्रित किया गया था। फैसल संग समरीन, बब्बा, अजय, नदीम व अन्य पांच लोग बिना बुलाए समारोह में आए थे। आरोप है कि आरोपियों ने छेड़छाड़ करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए। पति और रिश्तेदारों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उनकी सोने की अंगूठी व पति की चेन लूट ली। समारोह में तोड़फोड़ की। पीड़िता ने पांच नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# कैंसर पीड़ित बुजुर्ग और पत्नी को डिजिटल अरेस्ट कर ऐंठे 1.29 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एटीएस व सीबीआई अधिकारी बन आतंकियों को फंडिंग का मढ़ा आरोप
- सुप्रीम कोर्ट का लोगो लगा पत्र भेजकर आरबीआई जांच का दिया झांसा
- 15 दिन निगरानी में रख ट्रांसफर कराई रकम, साइबर थाने में रिपोर्ट



**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने एटीएस चीफ और सीबीआई अधिकारी बनकर कैंसर पीड़ित बुजुर्ग और उनकी पत्नी को डिजिटल अरेस्ट कर 15 दिन में 1.29 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने आतंकियों को फंडिंग का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का लोगो लगा फर्जी पत्र भेजा और आरबीआई द्वारा खाते की जांच का झांसा देकर रकम ट्रांसफर करा ली।

गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर सरस्वतीपुरम निवासी 76 वर्षीय गोरखपुर शुगर मिल के रिटायर्ड अधिकारी दिलीप नारायण पांडेय के अनुसार 27 मार्च की रात उनकी पत्नी के मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए कहा कि आतंकियों ने पूछताछ में उनका नाम लिया है और उनके आधार कार्ड से मुंबई में सिम व बैंक खाता खोलकर हवाला के जरिए लेनदेन की गई है। इसके बाद वीडियो कॉल पर वर्दी पहने जालसाजों ने एटीएस व सीबीआई अधिकारी बनकर उन्हें लगातार धमकाया और निगरानी में रखा।

आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट का लोगो लगा फर्जी आरोप पत्र भेजा और कहा कि आरबीआई खाते की जांच कर रही है। डराकर 10 अप्रैल तक दंपति से कई खातों में 1.29 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए। परिवार को जानकारी होने पर ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश यादव के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

**मकान बेचकर जुटाई थी रकम**

- पीड़ित ने बताया कि इलाज के लिए हरदोई स्थित मकान बेचा था और रकम उनके व पत्नी के संयुक्त खाते में जमा थी, जिसे जालसाजों ने पूरी तरह हड़प लिया।

# अधेड़ को कार ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- देर रात घर न पहुंचने पर परिजन ने की तलाश बेटे ने की शिनाख्त



**अमृत विचार :** मड़ियांव थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात सड़क पार कर रहे अधेड़ को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर भीड़ के बीच शव मिला। मौके पर पहुंचे बेटे ने शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

फैजुल्लागंज स्थित मौर्य मार्केट निवासी देवेंद्र कुमार पांडेय (55) परिवार के साथ रहते थे। बड़े बेटे सचिन के अनुसार, पिता गुरुवार रात किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। चिंतित परिजन उनकी तलाश में निकले तो घर के पास ही भीड़ लगी मिली। वहां पहुंचने पर देखा कि पिता का शव सड़क पर पड़ा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

वहीं, बीकेटी के अस्ती गांव निवासी मोहम्मद यामीन (47) की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। वह गुरुवार रात मानपुर लाल गांव के पास सब्जी लेकर घर लौट रहे थे, तभी स्कूटी ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल यामीन को पहले सेवा अस्पताल और फिर केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक स्कूटी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर मिली नंबर प्लेट के आधार पर पुलिस वाहन स्वामी की पहचान कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# क्रिप्टो व शेयर की लत में 6 लाख का उधार, एटीएम तोड़ने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, आरोपी गिरफ्तार
- घटना में प्रयुक्त बाइक, हेल्मेट, पिठ्ठू बैग, ग्लेंडर मशीन व सब्बल बरामद



**अमृत विचार :** प्रेम विवाह के चलते घरवालों से अलग हुए युवक ने शॉर्टकट में अमीर बनने के लालच में शेयर मार्केट और क्रिप्टो करेंसी में निवेश किया, लेकिन रकम डूबने पर कर्ज के दबाव में एटीएम मशीन तोड़कर चोरी का प्रयास कर बैठा। बंथरा के जुनाबगंज में हुई इस घटना में आरोपी हेल्मेट पहनकर पहुंचा था, जिसकी करतूत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। करीब 200 से अधिक कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल को शौर्य श्रीवास्तव, निवासी ग्राम पहाड़पुर बंथरा, ने एटीएम मशीन में तोड़फोड़ कर चोरी के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना व्यापारिक कॉम्प्लेक्स जुनाबगंज, मोहनलालगंज रोड स्थित एटीएम बूथ की है, जिसे शौर्य संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब पांच बजे लौटने पर एटीएम मशीन क्षतिग्रस्त मिली। सीसीटीवी फुटेज में रात 2:50 बजे हेल्मेट पहने बदमाश हथौड़े और अन्य औजारों से मशीन तोड़ते हुए दिखाई दिया।

वारदात के बाद इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह के नेतृत्व में दो टीमें गठित की गईं। पुलिस ने करीब पांच किलोमीटर के दायरे में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपी बाइक से आते-जाते दिखा। इसके आधार पर 16 अप्रैल की देर रात उसे धावांपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलशन, निवासी ग्राम सेरसा अजगैन उन्नाव (हाल पता ड्रीम ग्रीन सिटी फेस-1, खसरवारा बंथरा) बताया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, हेल्मेट, पिठ्ठू बैग, ग्लेंडर मशीन और सब्बल बरामद किए।

इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह के अनुसार, आरोपी गुलशन ने वर्ष 2024 में प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद परिवार ने उसे अलग कर दिया। वह बंथरा में किराए पर रहकर जोमैटो वेयरहाउस में टीम लीडर के रूप में काम करता था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि शेयर मार्केट और क्रिप्टो करेंसी में निवेश के लिए उसने दोस्तों से छह लाख रुपये उधार लिए थे। कर्ज चुकाने के दबाव में उसने एटीएम तोड़कर पैसे चोरी करने की योजना बनाई। आरोपी के खिलाफ पूर्व में अजगैन थाने में भी एक मामला दर्ज है।

# नंबर कम आने पर छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** बंथरा के मेमौरा छावनी क्षेत्र में हाईस्कूल के एक छात्र ने परीक्षा में अपेक्षा से कम नंबर आने और परिजनों की डांट से आहत होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच की, हालांकि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से बिहार निवासी रंजीत कुमार एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं और पत्नी अंजली व बेटी के साथ एयरफोर्स कॉलोनी, मेमौरा छावनी में रहते हैं। उनका 16 वर्षीय बेटा जीत सीबीएसई बोर्ड से हाईस्कूल का छात्र था। 15 अप्रैल को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में उसे 87.66 प्रतिशत अंक मिले थे। परिजनों के अनुसार वह इस परिणाम से संतुष्ट नहीं था और पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। इसी दौरान परिजनों ने उसे मोबाइल कम चलाने को लेकर भी डांटा था।

गुरुवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने साथ में भोजन किया, जिसके बाद जीत अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद कमरे से गिरने की तेज आवाज सुनाई दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने और खटखटाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिस पर दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। अंदर देखा तो जीत छत के पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था।

परिजनों ने तुरंत पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतारकर एयरफोर्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्र परिणाम को लेकर मानसिक रूप से दबाव में था और डांट के बाद उसने यह कदम उठाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# निवेश के नाम पर व्यवसायी से ठगे 13.64 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फेसबुक पर फंसाया, कंपनी को सेबी में बताया रजिस्टर्ड
- छह गुना मुनाफा दिखाकर विड्राल पर मांगा टैक्स
- पीड़ित ने आशियाना थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 13.64 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर खुद को फाइनेंशियल एडवाइजर बताया और कंपनी को सेबी से रजिस्टर्ड होने का दावा किया। इसके बाद पीड़ित को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर निवेश कराया गया। मुनाफा कई गुना दिखाने के बाद जब पीड़ित ने रकम निकालने की कोशिश की तो टैक्स और जीएसटी के नाम पर और पैसे मांगे गए।

एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी निवासी सिद्धार्थ कुमार तालुकदार के अनुसार, 27 जनवरी को उनकी पहचान फेसबुक पर सिद्धार्थ चटर्जी नामक व्यक्ति से हुई। करीब एक माह तक बातचीत के दौरान आरोपी ने बिना सर्विस चार्ज अधिक मुनाफे का लालच दिया और वीआईपी-वन सर्विस 802 व टीसीएस कैपिटल जी नाम के व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। ग्रुप की एडमिन अनिका शर्मा ने ट्रेडिंग में मदद के नाम पर गूगल प्ले स्टोर से टीसीजी प्लस एप डाउनलोड कराकर निवेश कराया।

पीड़ित ने 19 फरवरी से 7 मार्च 2026 के बीच एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक खातों से कुल 13.64 लाख रुपये ट्रांसफर किए। एप पर रकम बढ़कर करीब 78.62 लाख रुपये दिखाई गई, जिससे भरोसा बढ़ा। बाद में विड्राल का प्रयास करने पर ट्रांजेक्शन रोक दिया गया और इनकम टैक्स व जीएसटी के नाम पर 13.19 लाख रुपये की मांग की गई। शक होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल और आशियाना थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कैशियर ने की सात लाख की हेराफेरी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई वृंदावन योजना निवासी बिंदू देवी के संस्कृति मार्ट सुपर स्टोर में कैशियर के पद पर तैनात आशीष कुमार द्वारा सात लाख रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच के बाद इसकी पुष्टि हुई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वृंदावन योजना सेक्टर-11 निवासी बिंदू देवी संस्कृति मार्ट की प्रोपराइटर हैं। उन्होंने अप्रैल 2025 में कुशीनगर निवासी आशीष कुमार को कैशियर नियुक्त किया था। आशीष ग्राहकों से नकद, यूपीआई और कार्ड से भुगतान लेता था, लेकिन वह नकद राशि अपने पास रखकर उसे यूपीआई भुगतान के रूप में दर्ज कर देता था। पीड़िता के अनुसार 4 मार्च 2026 को बैंक स्टेटमेंट की जांच में गड़बड़ी सामने आई। 3 मार्च की बिक्री में 36,343 रुपये यूपीआई से प्राप्त दिखाए गए, जबकि खाते में केवल 24,340 रुपये ही आए थे। इसके बाद पूरे वर्ष का हिसाब जांचने पर करीब सात लाख रुपये की हेराफेरी का खुलासा हुआ।

आरोप है कि 5 मार्च को पूछताछ करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने सीसीटीवी के डीवीआर से छेड़छाड़ भी की, जिससे रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं हो सकी। उसी शाम से आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।



आग लगने के बाद वकीलों के जले हुए चैंबर। अमृत विचार

# पुराने हाईकोर्ट परिसर में तीन वकीलों के चैंबर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पुराने हाईकोर्ट परिसर में शुक्रवार सुबह तीन वकीलों के चैंबर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया। हादसे में कार्यालय में रखे गये सारे दस्तावेज जलकर राख हो गये। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब सात बजे कंट्रोल रूम में फोन कर आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर दो दमकल गाड़ियों के साथ टीम को रवाना किया गया। पुराने हाईकोर्ट परिसर में स्थित तीन वकीलों के चैंबर जल रहे थे। टीम ने हौज पाइप की मदद से आग बुझानी शुरू कर दी। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। तेज लपटें देख मौके पर बड़ी संख्या में राहगीर एकत्रित हो गए। आग लगने से चैंबर में रखे मुकदमों से संबंधित अहम दस्तावेज, फर्नीचर, विद्युत उपकरण जलकर राख हो गए। आग में अधिवक्ता रितेश श्रीवास्तव, शाहरुख खान और फराह सिद्दीकी के चैंबर जले हैं। एफएसओ रामकुमार के मुताबिक शुरूआती जांच में सामने आया कि आग शार्ट सर्किट से लगी है।

### सैन्य अधिकारी के आवास पर हुई लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैंट में चोरों ने सैन्य अधिकारी के बंद मकान का ताला तोड़कर जेवर और कीमती सामान चोरी कर लिया। ओल्ड विक्टोरिया लाइन निवासी नायब सूबेदार रणजीत सिंह ने बताया कि वह जीई (वेस्ट) में तैनात हैं। 15 अप्रैल की दोपहर तीन बजे अटल रोड निवासी सैन्य अधिकारी शुभम सलूजा के मकान में साफ-सफाई करने वाले आदित्य ने फोन कर मकान का ताला टूटा होने की जानकारी दी। यह सुनकर रणजीत मौके पर पहुंचे। उन्होंने शुभम को वीडियो काल कर मकान की हालत दिखाई। अंदर जाकर देखा तो मैकबुक, लैपटॉप, जेवर, कीमती कपड़े और सामान गायब था। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुंची। नायब सूबेदार रणजीत सिंह ने बताया कि सैन्य अधिकारी के वापस लौटने के बाद चोरी गए सामान की सटीक जानकारी स्पष्ट होगी। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि सूबेदार रणजीत सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### कार चढ़ाकर किसान को मारने का प्रयास

**अमृत विचार , लखनऊ:** पीजीआई थाना क्षेत्र में गुरुवार रात दबंग ने किसान पर कार चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया। अमोल निवासी पीड़ित रमेश कुमार रावत ने बताया कि वह गुरुवार को अपने खेत गए थे। वहां गेहूं मड़ाई करा रहे थे। देर शाम वह तीन कुंतल गेहूं रिक्शा ट्रॉली से लेकर घर जा रहे थे। इसी बीच गांव का दीपक तिवारी अपनी कार से आया और रिक्शा ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे रमेश उछलकर खेत में जा गिरे। यही नहीं आरोपी उनकी ट्रॉली को करीब 50 मीटर तक घिसटता हुआ ले गया। इस दौरान उनके गेहूं फैल गए। किसान का आरोप है कि उसे जान से मारने की कोशिश की गई।

**सड़क सुरक्षा पर खतरा** | शहर में 120 से अधिक अवैध सेंटर, बिना मानकों के तैयार कर रहे चालक

# शहर में फैला फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूलों का जाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार :** शहर में बिना मानकों के संचालित हो रहे फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूल सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार करीब 120 से अधिक मोटर ट्रेनिंग सेंटर बिना वैध पंजीकरण और आवश्यक संसाधनों के संचालित हो रहे हैं। ये संचालक कम समय में ड्राइविंग सिखाने का लालच देकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ रहा है।

इन फर्जी केंद्रों पर दस्तावेजों में हेराफेरी आम बात है। कई संचालक 15 साल से अधिक पुराने या निजी वाहनों का उपयोग प्रशिक्षण के लिए कर रहे हैं, जबकि भारी वाहनों जैसे ट्रक और बसों का प्रशिक्षण भी बिना तय मानकों के दिया जा रहा है। इससे प्रशिक्षुओं में आवश्यक दक्षता विकसित नहीं हो पाती और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

सबसे गंभीर पहलू यह है कि इन संस्थानों से प्रशिक्षण लेने के बाद लोग सीधे ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर देते हैं, जिससे सड़कों पर अपर्याप्त रूप से प्रशिक्षित चालक उतर रहे हैं। परिवहन विभाग ने ऐसे संस्थानों के खिलाफ औचक निरीक्षण अभियान शुरू किया है और मानकों का पालन न करने वालों के लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर सख्त कार्रवाई के अभाव में इनका संचालन जारी है।

> समय-समय पर मान्यता प्राप्त मोटर ट्रेनिंग स्कूलों का निरीक्षण किया जाता है। गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों के संचालन की सूचना मिलने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उन्हें बंद कराया जा सकता है।
>
> **-प्रभात कुमार पांडे**
> **आरटीओ प्रवर्तन लखनऊ**

# नो एंट्री में खड़े भारी वाहनों पर सख्ती, सीज के साथ लगेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हादसों और जाम से निपटने के लिए छह होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे

**अमृत विचार:** शहर में नो एंट्री के दौरान हाईवे और मुख्य सड़कों के किनारे खड़े होने वाले भारी व्यावसायिक वाहनों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को न केवल सीज किया जाएगा, बल्कि उन पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। यह कदम सड़कों पर बढ़ते हादसों और जाम की समस्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पाण्डेय ने बताया कि सीज किए गए वाहनों को रखने के लिए शहर में छह स्थानों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। इनमें से चार होल्डिंग एरिया नगर निगम द्वारा उत्तरधौना, धैला, कल्ली पश्चिम और अलीनगर खुर्द में विकसित किए जाएंगे। वहीं दो अन्य मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के इलोना में बनाए जाएंगे। इन होल्डिंग एरिया में वाहनों के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार बनाए जाएंगे और सुरक्षा के लिए बैरियर लगाए जाएंगे। साथ ही, सीज वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की नियमित तैनाती रहेगी और अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध पार्किंग की जांच मुख्य रूप से रात में की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर वाहनों को तुरंत सीज कर होल्डिंग एरिया भेज दिया जाएगा। जुर्माना भरने के बाद ही वाहनों को छोड़ा जाएगा। इसके अलावा, होल्डिंग एरिया में पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वाहन चालक निर्धारित स्थानों पर ही अपने वाहन खड़ा करें।

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### अदिति ने हाईस्कूल में 83.2 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** अदिति पांडेय ने मलिहाबाद स्थित सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल से कक्षा 10 की परीक्षा में 83 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अदिति का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने अदिति की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अदिति के पिता सौरभ पांडेय व्यवसायी हैं, जबकि उनकी मां विभा पांडेय बीएड उत्तीर्ण गृहणी हैं।



### बोकारो के रहने वाले युवक का था शव

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहनलालगंज के मऊ में गुरुवार को मिला शव झारखंड के बोकारो में रहने वाले युवक का था। पांच दिन पहले युवक मानसिक इलाज के लिए भाई के यहां आया था। इसी दौरान वह लापता हो गया था। मऊ के एक बाग में युवक का शव पड़ा मिला था। शुक्रवार को परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे तो फोटो से उसकी पहचान झारखंड के टांड बालीडीह निवासी सुखलाल उर्फ टुडू (33) के रूप में की। भाई हरिलाल टुडू ने बताया कि मोहनलालगंज में रहकर एक निजी संस्था में काम करता है। उसका भाई मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। इलाज के लिए सोमवार को झारखंड से मोहनलालगंज आया था। दूसरे दिन संदिग्ध हालात में लापता हो गया था।

# ट्रांसफार्मर के लिए व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

## बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी, कहा जरूरत पड़ी तो जाएंगे कोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरानगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित सहारा ट्रेड सेंटर में अस्थायी ट्रांसफार्मर न लगाने से नाराज व्यापारियों ने शुक्रवार को विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इन व्यापारियों का कहना था कि स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज करने के साथ कोर्ट भी जाएंगे।

व्यापारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिससे करीब 48 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। शिकायत के बाद एचएएल विद्युत उपकेंद्र के कर्मियों ने अस्थायी ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगा दिया था। किंतु स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थायी ट्रांसफार्म लगाने की मांग को लेकर 150 से अधिक दुकानदारों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इन व्यापारियों का कहना था कि 25 वर्षों से नियमित व्यावसायिक बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, लेकिन शिकायतों का स्थायी समाधान नहीं किया जाता है। कहा कि मांगों को नजरअंदाज किया गया तो आंदोलन तेज करेंगे। जरूरत पड़ी तो कोर्ट भी जाएंगे। इस संबंध में टेढ़ी पुलिया अधिशासी अभियंता ने कहा कि कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स में ट्रांसफार्मर लगाने और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी व्यापारियों या उनके संगठन की होती है। विभाग की ओर से नोटिस भी जारी किया जा चुका है।



ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते व्यापारी। अमृत विचार

## जांच रिपोर्ट आने तक स्मार्ट मीटरों पर रोक की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की ओर से स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता और कनेक्टिविटी की जांच के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर अंकुश शर्मा और प्रबोध बाजपेई, वडोदरा स्थित इलेक्ट्रिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के अनुभाग प्रमुख तेजस मिस्त्री के साथ कारपोरेशन के निदेशक (वितरण) जीडी द्विवेदी को सदस्य बनाया गया है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पहली बार यह स्वीकार किया गया है कि स्मार्ट मीटरों में तकनीकी कमियां हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 85 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उपभोक्ता परिषद ने मांग की है कि प्रीपेड आधार पर दिए जा रहे नए बिजली कनेक्शनों को तत्काल रोका जाए और बिना सहमति के प्रीपेड में बदले गए 70 लाख से अधिक कनेक्शनों को पोस्टपेड में परिवर्तित किया जाए। परिषद ने यह भी याद दिलाया कि पहले भी स्मार्ट मीटरों के कारण बड़े स्तर पर ब्लैकआउट की घटना सामने आई थी, जिसके बाद जांच तक स्थापना रोक दी गई थी। परिषद ने सरकार से मांग की है कि जब तक वर्तमान जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो जाती, तब तक प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए।

## छात्र को पीटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** आशियाना स्थित बीबीयू विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में दो दिन पूर्व एक छात्र संग मारपीट मामले में विश्वविद्यालय कुलानुशासक ने सीसीटीवी फुटेज आधार पर तीन छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के कुलानुशासक रामचन्द्रा ने दी तहरीर में बताया कि 14 अप्रैल मंगलवार को विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में छात्र हिमांशु मिश्रा के साथ हुई मारपीट के मामले में सीसीटीवी फुटेज आधार पर तीन छात्रों की संलिप्तता सामने आई है। आरोपियों की पहचान अभिषेक कुमार कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग ,अंकित यादव लोक प्रशासन विभाग और वात्सल्य प्रियवर्धन विधि विभाग के रूप मे हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नारी स्वावलंबन को शिल्प कला का सशक्त मंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में ललित कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य ललित कला अकादमी की ओर से कला नवाचार अभियान संचालित किया जा रहा है, जो नारी शक्ति वंदन विधेयक से प्रेरित है और महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

योगी आदित्यनाथ की सोच के अनुरूप यह अभियान महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान कर रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में कला आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलायी जा रही है। इसी कड़ी में लाल बारादरी भवन में 17 से 19 अप्रैल तक महिला चित्रकारों का विशेष चित्रकला शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का उद्घाटन डॉ. सृष्टि धवन द्वारा किया गया, जबकि किरण सिंह राठौर व निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री उपस्थित रहे। शिविर में प्रदेशभर की महिला कलाकार भाग ले रही हैं। प्रतिभागियों को कैनवास व रंग उपलब्ध कराए गए हैं।



महिला चित्रकार शिविर में महिलाएं और अन्य।

- **महिला चित्रकारों का विशेष शिविर शुरू**

## रास्ते पर कब्जा कर की गई प्लाटिंग पर चला नगर निगम का बुलडोजर

- **औरंगाबाद जागीर में चार रास्तों पर निर्माण किया ध्वस्त**
- **बंजर में दर्ज दो गाटा से भी हटवाया गया कब्जा**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नगर निगम ने शुक्रवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम औरंगाबाद जागीर में अभियान चलाकर 7.25 करोड़ की लगभग 0.557 हेक्टेयर सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। नगर निगम तहसीलदार अरविंद पांडेय ने बताया कि ग्राम औरंगाबाद जागीर में खसरा संख्या 803 में 0.556 हेक्टेयर, खसरा नंबर 805 में 0.278 हेक्टेयर और खसरा संख्या 843 0.607 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1146 में 0.240 हेक्टेयर भूमि रास्ता और खसरा नंबर 1145 में 0.063 हेक्टेयर भूमि बंजर में दर्ज है।

इन जमीनों पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रेडीमेड बाउंड्री बनाकर प्लॉटिंग कर दी थी। दुकान एवं टीनशेड भी बन गए थे। प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद एवं उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर अंकित शुक्ला के निर्देशन में टीम ने जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

इसके अलावा नगर निगम ने सरोजनीनगर तहसील के अशरफ नगर ग्राम में खसरा संख्या 734/1 में 0.253 हेक्टेयर ऊसर भूमि पर कुछ व्यक्तियों ने बाउंड्री बनाने के साथ प्लॉटिंग कर दी थी। नगर निगम और प्रशासन की टीम ने इस अतिक्रमण को भी जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस भूमि 500 वर्गमीटर भूमि की कीमत लगभग 50 लाख रुपये है।

### अवैध खनन की सूचना पर छापा, पांच पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ:** इटौंजा इलाके के चंदनापुर गांव में देर रात सरकारी बंजर जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा था। सूचना पर नायब तहसीलदार सहित राजस्व टीम ने छापेमारी की। मौके से ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी द्वारा मिट्टी खनन करते हुए पाया गया था। एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया था । लेखपाल अविनाश चंद्र ने खनन कार्य में शामिल पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। नायब तहसीलदार बीकेटी ने बताया कि नितिन निवासी गोहना खुर्द, रवि सिंह निवासी बेलवा, अमानीगंज का मोहम्मद साबिर, उसरना का सौरभ सिंह उर्फ तनु व एक अन्य अवैध खनन करते हुए पाया गया। जिस भूमि पर खनन हो रहा था, वह सरोजनी पत्नी सूरज, बुद्धा पुत्र सुखई को आवंटन के रूप में दी गई थी। निरीक्षण के दौरान भूमि बीहड़ के रूप में पड़ी थी। जिस पर आवंटी बुद्धा द्वारा अवैध रूप से खनन कार्य सभी को शामिल कर कराया जा रहा था।



भारतीय उद्योग परिसंघ कॉन्क्लेव में मौजूद पदाधिकारी।

# भारतीय उद्योग परिसंघ कॉन्क्लेव में नीति और निवेश पर हुआ मंथन

- **आयोजित सम्मेलन में कनेक्टिविटी, टिकाऊ विकास और रियल एस्टेट संभावनाओं पर जोर**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), लखनऊ विकास प्राधिकरण और इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल के सहयोग से इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राज्य के समग्र विकास को गति देने के लिए नीति निर्माताओं, उद्योग जगत और विशेषज्ञों के बीच संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के आवास व शहरी नियोजन विभाग के सचिव बलकार सिंह ने कहा कि राजधानी क्षेत्र का विकास प्रदेश के भविष्य की कुंजी है। उन्होंने लखनऊ को आसपास के जिलों के साथ एकीकृत क्षेत्रीय विकास मॉडल के रूप में विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ अवसंरचना के महत्व को रेखांकित करते हुए बेहतर सड़कों, शहरी ढांचे और सार्वजनिक स्थलों पर जोर दिया। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमान ने हवाई अड्डे को क्षेत्रीय विकास और वैश्विक कनेक्टिविटी का प्रमुख केंद्र बताते हुए इसे टिकाऊ और आधुनिक विमानन हब के रूप में प्रस्तुत किया। यूपीईआईडीए के सीईओ शशांक चौधरी ने एक्सप्रेसवे नेटवर्क को राज्य के आर्थिक परिवर्तन का आधार बताते हुए कहा कि इससे नए निवेश और औद्योगिक गलियारों को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं, विशेषज्ञों ने किफायती और टिकाऊ आवास, रियल एस्टेट विकास तथा अयोध्या जैसे उभरते शहरों में बढ़ती संभावनाओं पर भी चर्चा की। सम्मेलन में 150 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# महानिदेशक ने किया सीएचसी का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण और सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने : शुक्रवार को चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने डेंटल विभाग में सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

अधिकारियों ने ओपीडी, आईपीडी, उपस्थिति रजिस्टर, ऑपरेशन थियेटर और फार्मेसी का बारीकी से जायजा लिया। स्टाफ उपस्थिति मिला और जीवनरक्षक दवाएं भी उपलब्ध मिलीं। साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था भी ठीक मिली। महानिदेशक ने विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों और कर्मचारियों को मरीजों से संवेदनशील एवं संतुलित व्यवहार करने की हिदायत दी। कहा कि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। सोमवार को सीएमओ एनबी सिंह, दो अप्रैल को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और 16 मार्च को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निरीक्षण किया था। तीनों बार हुए निरीक्षण में साफ सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर सफाई एजेंसी का एक-एक सप्ताह का दो बार भुगतान रोका गया। शुक्रवार को महानिदेशक के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली।

### लकी और तुषार ने जीते कांस्य पदक

**अमृत विचार, लखनऊ:** दिल्ली के प्रयागराज स्टेडियम में आयोजित की जा रही 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स चैंपियनशिप में लखनऊ के लकी सिंह और तुषार कुमार ने पदक जीत कर यहां का नाम रोशन किया। कलारीपयट्टू प्रदेश महासचिव ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश टीम से लखनऊ के लकी सिंह गौतम और तुषार कुमार ने लाठी युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया जबकि केरल को गोल्ड और जम्मू कश्मीर ने सिल्वर जीता। उत्तर प्रदेश टीम से प्रांशी और शिवानी रावत प्रथम राउंड जीत कर मेडल की दौड़ में बनी हुई हैं। प्रदेश महासचिव को इंडियन फेडरेशन की ओर से टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में नियुक्त किया गया है।

## सिटी डायरी



चारबाग स्टेशन पर प्रदर्शन करते कुली।

### स्टेशन पर कुलियों का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** रेलवे स्टेशनों पर संचालित बैटरी कारों पर लगेज रेट लिखेने के विरोध में राष्ट्रीय कुली मोर्चा की अगुवाई में कुलियों नेआंदोलन चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया। इसके बाद रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरोप लगाया कि बैटरी कारों का उपयोग नियमों के विरुद्ध किया जा रहा है। राष्ट्रीय कुली मोर्चा के नेशनल कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने कहा कि रेल मंत्रालय ने बैटरी कारें वृद्ध, बीमार और दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की हैं, किंतु इनका उपयोग लगेज ढुलाई के लिए किया जा रहा है। इससे कुलियों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। कुलियों का आरोप है कि ठेकेदारी व्यवस्था और नई योजनाओं के माध्यम से उनके पारंपरिक कार्य को खत्म किया जा रहा है। मोर्चा ने सरकार से मांग की कि कुलियों को रेलवे में समायोजित किया जाए और उनके सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए।



प्रदर्शन करते विश्व हिन्दू परिषद, बजरगदल पदाधिकारी व सदस्य।

### जिहादी मानसिकता के खिलाफ विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शुक्रवार को प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप और प्रांत मंत्री देवेंद्र नेतृत्व में पटेल प्रतिमा स्थल पर जिहादी मानसिकता के विरोध में प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने आरोप लगाया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों में धर्मांतरण और तथाकथित लव जिहाद जैसी गतिविधियां बढ़ रही हैं। टीसीएस नासिक प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा गया कि कुछ लोग संगठित तरीके से युवाओं को प्रभावित कर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस तरह की घटनाएं अन्य कंपनियों में भी सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने उन महिला पुलिसकर्मियों की सराहना की, जिन्होंने कथित षड्यंत्र का खुलासा किया।



प्रेसवार्ता करते रवीन्द्रानन्द आदर्शानन्द मीना माहेश्वरी व अन्य।

### गो सुरक्षा के लिए कई चरणों में करेंगे आंदोलन

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजसेवी अनिल पांडेय ने गोसेवा, गो सुरक्षा और गो सम्मान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक अभियान चलाएंगे। शुक्रवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर गो भक्त और संत अधिकारियों को ज्ञापन देंगे। 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र, 27 अक्टूबर को लखनऊ में मुख्यमंत्री व राज्यपाल को ज्ञापन, 27 फरवरी 2027 से 15 अगस्त 2027 तक दिल्ली में शांतिपूर्ण संकीर्तन और पत्र लेखन और 16 अगस्त 2027 से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इसमें संत और गौ भक्त क्रमिक रूप से भाग लेंगे।


काउंटर पर स्टाफ से जानकारी लेते अधिकारी।

### जीपीओ में बढ़े चार आधार काउंटर

**अमृत विचार, लखनऊ:** डाक विभाग ने उत्तर प्रदेश परिमंडल मुख्यालय परिक्षेत्र स्थित जीपीओ में चार नए आधार नामांकन व अद्यतन काउंटर शुक्रवार को शुरू किए। महानिदेशक डाक सेवाएं जितेंद्र गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इसके साथ ही जीपीओ में आधार काउंटरों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। इससे शहर और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को आधार नामांकन और संशोधन सेवाएं सुगमता और कम समय में उपलब्ध हो सकेंगी।

**खुशी** — सोशल मीडिया पर फोटो युक्त खबर देखकर पत्नी परिजन के साथ पहुंची केजीएमयू

# अमृत विचार की खबर ने लावारिस मरीज को परिजन से मिलाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमृत विचार में प्रकाशित खबर ने लावारिस में अस्पताल में भर्ती मरीज को उनके परिजन तक पहुंचा दिया। खबर पढ़कर पत्नी परिजनों के साथ अस्पताल पहुंच गई।

मानक नगर क्षेत्र में पांच अप्रैल को युवक गंभीर हालत में सड़क पर बेहोश मिला था। पुलिस कांस्टेबल धर्मवीर ने उसे तत्काल केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। युवक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान विशाल के रूप में हुई। केजीएमयू के शताब्दी फेज-2 स्थित न्यूरो सर्जरी विभाग के पांचवें तल पर भर्ती युवक बेहोशी की हालत में है। अस्पताल प्रशासन ने आधार कार्ड पर दर्ज पते के आधार पर मानक नगर में संपर्क किया। वहां लोगों ने बताया कि परिवार उन्नाव शिफ्ट हो चुका है। उन्नाव पुलिस की मदद से पिता से संपर्क किया गया। पारिवारिक मतभेदों के चलते पिता ने देखभाल में असमर्थता जताई। इसी बीच जानकारी मिली कि विशाल की पत्नी अंजली बच्चे के साथ मड़ियांव क्षेत्र में रहती है। न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. बीके ओझा और डॉ. अतुल उपाध्याय के अनुसार अमृत विचार अखबार में प्रकाशित खबर के साथ मरीज की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिससे जानकारी परिवार तक पहुंची। परिजन अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ और पुलिसकर्मी का आभार जताया।


विशाल के साथ पत्नी, बेटी और चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ।

### दूसरे लावारिस मरीज के परिजनों की तलाश जारी

दूसरा मरीज करीब 16-17 वर्ष का किशोर है, जो 7 अगस्त 2025 को बाराबंकी में ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां 8 अगस्त को उसके सिर का ऑपरेशन किया गया। अब उसकी स्थिति में काफी सुधार है, लेकिन वह अपना नाम या पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा है। नाम पूछने पर वह पापा और गांव पूछने पर काव कहता है। यह किशोर भी उसी वार्ड में भर्ती है। विभागाध्यक्ष डॉ. बीके ओझा ने बताया कि बाराबंकी में इसके परिजनों की तलाश संभावित स्थानों पर कर ली गई है। अब अन्य जनपदों में सोशल मिडिया के माध्यम से परिजनों की तलाश की जा रही है।


लावारिस मरीज

## सिटी ब्रीफ

### शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर दर्ज किया रिकार्ड



**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल वैज्ञानिक समृद्धि कुंवर ने अंग्रेजी साहित्य में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिकार्ड कायम किया है। जबकि उसने कुल 96 .6 प्रतिशत अंकों के साथ हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उल्लेखनीय है कि समृद्धि ने मात्र 9 वर्ष की उम्र में अमेरिका की प्रतिष्ठित स्पेस एजेन्सी नासा के दो दर्जन से अधिक प्रमाणपत्र प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर चुकी है। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) की तरफ से आयोजित होने वाली युविका परीक्षा भी 100 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर ली है। समृद्धि कुंवर को विज्ञान, प्रोद्योगिकी, नवाचार, समाज सेवा आदि में अनेक पुरस्कार प्राप्त किया है।

### नेशनल पीजी कॉलेज में सम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज ने बोर्ड ऑफ एप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग, उत्तरी क्षेत्र, कानपुर के सहयोग से नेशनल एप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम व एप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम पर इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक विवेक कुमार रहे। इस अवसर पर लगभग 90 उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें इंडोरामा, लुलु मॉल, इफ्को (भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड), फिनकार्ट, पिकाडिली हॉलीडे रिसॉर्ट्स, रेडिको खेतान तथा टाटा मोटर्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 20 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों जिनमें डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक, उन्नाव व कृषि विश्वविद्यालय, बांदा की सक्रिय सहभागिता रही।

### सर्वाइकल कैंसर की तीसरी खुराक दी गई

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान के अंतर्गत तीसरी खुराक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोगों की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। अभियान के अंतर्गत कुल 35 छात्राओं को टीका लगाया गया, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके। संकाय की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि टीकाकरण शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### राहुल और बलराम बने कैरम चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कैरम एसोसिएशन लखनऊ और इरिगेशन स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर कार्यालय जिला कैरम प्रतियोगिता में सिंचाई विभाग के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में पुरुष एकल वर्ग में सिंचाई विभाग के राहुल ने पंजाब नेशनल बैंक के श्याम को हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वेटरन एकल (60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में बलराम ने एसबीआई के मनोज कुमार को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पुरुष युगल वर्ग में पोस्टल विभाग के डीवी सिंह और शेखर कुमार की जोड़ी ने सिंचाई विभाग के दानिश इकबाल सिद्दीकी और रवि धर को हराकर खिताब जीता। समापन अवसर पर रामस्वरूप मेमोरियल हॉस्पिटल के एमडी उमेश चन्द्र जायसवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि अखिल भारतीय स्वदेशी खेल एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल आनंद किशोर सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### आस्विक और सिया बने चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आइटा टैलेंट सीरीज अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरिना में आयोजित इस प्रतियोगिता में आस्विक श्रीवास्तव और सिया सिंह ने अपने-अपने वर्ग में खिताब जीतकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। बालक एकल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त आस्विक श्रीवास्तव ने एकतरफा मुकाबले में पांचवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद हमदान को 6-1, 6-1 से हराकर चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। पूरे मैच के दौरान आस्विक का दबदबा साफ नजर आया और उन्होंने विपक्षी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वहीं बालिका एकल वर्ग में सिया सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए आरिका राज सिंह को 6-0, 6-0 से हराकर क्लीन स्वीप के साथ खिताब जीता।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया

## लर्न पर आईडी बनाने के बाद प्रोफाइल बनानी होगी, उसके बाद होगा आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 31 मई तक विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए होगा आवेदन



**अमृत विचार : लखनऊ** विश्वविद्यालय ने आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रक्रिया आरंभ कर दी है। विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2026-27 के लिए शुक्रवार से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://lkounivadm.samarth.edu.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1200 रुपये तथा एससी-एसटी वर्ग के लिए 600 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपये और आरक्षित वर्ग के लिए 750 रुपये शुल्क तय किया गया है।

जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है, उनमें बीए (एनईपी), बीएससी प्राणीविज्ञान (एनईपी), बीएससी गणित (एनईपी), बीएससी कृषि, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम (एनईपी), एलएलबी पांच वर्षीय, बीसीए, बीबीए, डी फार्मा, बीए-बीएससी योगा, बीवॉक (नवीकरण ऊर्जा), शास्त्री, बीवीए-बीएफए, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बीजेएमसी (महाविद्यालयों के लिए) और बीएड (महाविद्यालयों के लिए) समेत कई पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिनमें आवेदन प्रक्रिया गतिमान कर दी गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2026-27 का पंजीकरण 'लर्न' (एलयूआरएन) के जरिए किया जाएगा। लर्न में पंजीकरण के लिए 100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को सबसे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाना होगा। इसके बाद वेबसाइट के एडमिशन पेज या पॉप-अप में दिए गए लर्न लिंक पर क्लिक करना होगा। रजिस्ट्रेशन पेज पर 'न्यू रजिस्ट्रेशन' विकल्प पर क्लिक कर लॉगिन आईडी बनानी होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। अभ्यर्थियों को एक वैध ईमेल आईडी रखना अनिवार्य होगा, क्योंकि ओटीपी उसी पर प्राप्त होगा। इसके बाद लॉगिन कर नाम, पिता का नाम, माता का नाम सहित अन्य विवरण भरकर प्रोफाइल पूरी करनी होगी और 100 रुपये शुल्क जमा करने के बाद आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी।

### केंद्रीय संस्कृत विवि: प्राक्शास्त्री में प्रवेश प्रारम्भ

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्राक्-शास्त्री (प्रथम वर्ष) में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से 23 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 100 रुपया निर्धारित किया गया है। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा के अनुसार सफलतापूर्वक पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को केन्द्रीयकृत प्रवेश परीक्षा के माध्यम से उपलब्ध सीटों पर वरीयता सूची के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 अप्रैल को 11 बजे किया जाएगा। जबकि परिणाम 27 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। इसके उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों के लिए सत्यापन एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 28 अप्रैल से 4 मई तक सम्पन्न होगी। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन https://sanskritadm.samarth.edu.in/index.php/ पर कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु अभ्यर्थी कार्यालय समय में या हेल्पलाइन नंबर 9455543942 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# आउटसोर्स कर्मियों ने भेजी मुख्यमंत्री को शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्मचारियों का कहना है कि रविवार और अवकाश का वेतन काट लेते हैं

**अमृत विचार : लखनऊ** विश्वविद्यालय में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन कटौती को लेकर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। कर्मचारियों ने पूरा वेतन दिलाए जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि उनसे पूरे महीने काम लेने के बावजूद रविवार और सरकारी अवकाश के दिनों का वेतन काट लिया जाता है, जो पूरी तरह अनुचित है।

कर्मचारियों का कहना है कि 30 दिन काम करने के बावजूद उन्हें केवल 26 दिन का ही वेतन दिया जाता है, जिससे उन्हें महीने में 18 से 20 दिन के बराबर ही भुगतान मिल पाता है। इसके साथ ही निर्धारित कार्य समय से अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन उसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाता।

आउटसोर्स कर्मियों के अनुसार कई कार्यालयों में उनसे सुबह 10 बजे से रात 8-9 बजे तक काम कराया जाता है, जबकि निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक है। सामान्य कार्य अवधि 8-9 घंटे की होती है, लेकिन इसके बावजूद ओवरटाइम नहीं दिया जाता। आरोप है कि काम से मना करने पर नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती है।

कर्मचारियों ने यह भी बताया कि मार्च 2026 का वेतन 17 अप्रैल तक नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# हर्षित, श्रेयांश, अलंकृता की सेमीफाइनल में एंट्री

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शुक्रवार को उभरते मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। मोहम्मद अम्मान, हर्षित सिंह, श्रेयांश सिंह और अलंकृता सिंह समेत कई खिलाड़ियों ने दमदार पंचों से अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर अंतिम चार में प्रवेश किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग एरिना में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने किया। इस अवसर पर बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जबकि फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिव सहदेव सिंह, कोषाध्यक्ष विशाल राज, ओलंपियन नरेंद्र सिंह बिष्ट, संदीप मिश्रा और आशुतोष त्रिपाठी भी मौजूद रहे।



जिला स्तरीय बॉक्सिग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

पहले दिन सब जूनियर वर्ग में कई रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। 52 किग्रा वर्ग में एलपीएस गोमतीनगर के रितेश कुमार ने ओम सिंह को हराया, जबकि यश पांडेय ने आलोक कुमार को शिकस्त दी। लामार्टिनियर के नितिज्ञ और टीएफसी के अथर्व राय ने भी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

57 किग्रा वर्ग में सीएमएस स्टेशन रोड के मोहम्मद अम्मान ने अंशुमान को हराया। इसी वर्ग में हर्षित सिंह, शशांक और श्रेयांश सिंह ने भी अपने मुकाबले जीतकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अन्य वर्गों में स्वरित मिश्रा (46 किग्रा), अग्रिम वर्मा (50 किग्रा), तुषार यादव (63 किग्रा) और सिद्धार्थ कुमार ने भी जीत दर्ज की।

बालिका सब जूनियर वर्ग के 40 किग्रा भार वर्ग में एलपीएस आनंद नगर की अलंकृता सिंह ने जान्हवी सिंह को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में रोमांच बढ़ गया है।

# डिजिटल माध्यम फारसी और अरबी को बना रहे प्रामाणिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाषा विवि के फारसी और उर्दू विभाग में व्याख्यान का आयोजन

**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविधालय के फारसी विभाग व उर्दू विभाग ने अनुवाद के क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों का महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। फारसी विभाग के इंचार्ज डॉ. आरिफ अब्बास ने कहा कि वर्तमान समय ज्ञान और साहित्य की दुनिया में तीव्र डिजिटल परिवर्तन का युग है, जहां क्लासिकी भाषाओं के दुर्लभ ग्रंथ, पांडुलिपियां, शब्दकोश, तफ़सीर और अन्य विद्वतापूर्ण सामग्री को डिजिटल रूप में संरक्षित कर व्यापक स्तर पर सुलभ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ़ारसी और अरबी जैसी महान सांस्कृतिक और विद्वतापूर्ण भाषाओं के अनुवाद में डिजिटल संसाधन न केवल अनुवादकों को नई सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि शोध और तुलनात्मक अध्ययन के अनेक अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं। इन संसाधनों की सहायता से अर्थ की गहराई को समझने और सांस्कृतिक संदर्भों के सही संप्रेषण में उल्लेखनीय सुविधा हुई है।

विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. सौबान सईद ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शैक्षणिक, साहित्यिक और भाषाई संसाधनों के नए आयाम सामने आए हैं। फारसी और अरबी के अनुवाद में डिजिटल साधनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. अब्दुल हफीज, विभागाध्यक्ष (अरबी), ने अपने विस्तार व्याख्यान में विस्तार से बताया कि अनुवाद केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं, बल्कि संस्कृति, इतिहास, संदर्भ और विचारधारा का संवेदनशील संप्रेषण है, जिसमें डिजिटल संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जफरुन नकी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अब्दुर्रहमान फलाही ने प्रस्तुत किया।

### यार्कर और कूह स्पोर्ट्स क्लब ने हासिल किए पूरे अंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में शुक्रवार को यार्कर क्रिकेट क्लब और कूह स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक अर्जित किए। सिंड्रा ग्राउंड पर खेले गए पहले मुकाबले में यार्कर क्रिकेट क्लब ने यूपी टिंबर को 72 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यार्कर क्लब ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 209 रन बनाए। समर्थ दीक्षित ने 40 गेंदों पर नाबाद 60 रन की पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी टिंबर की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में कूह स्पोर्ट्स क्लब ने सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल क्रिकेट क्लब की टीम 19.1 ओवर में 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कूह स्पोर्ट्स क्लब के लिए नमन श्रीवास्तव ने 4 विकेट हासिल किए।

# महिलाओं की भागीदारी बिना विकसित भारत अधूरा: सुरेश प्रभु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में लोकनीति द्वारा 'नेतृत्व, निर्णय, व निर्माण नारी 2047' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य डॉ. शमिका रवि ऑनलाइन माध्यम से किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. एम.पी. गुप्ता, प्रो. सुनैना सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद एवं सत्येन्द्र त्रिपाठी, अध्यक्ष, लोकनीति उपस्थित रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य नारी शक्ति के सक्रिय नेतृत्व एवं नीतिगत निर्णयों में भागीदारी के बिना अधूरा है।



आईआईएम में संगोष्ठी में हिस्सा लेते विद्यार्थी। अमृत विचार

- नेतृत्व, निर्णय निर्माण और नारी पर आईआईएम में संगोष्ठी

डॉ. शमिका रवि ने डेटा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आर्थिक एवं सामाजिक निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भूमिका जीडीपी वृद्धि की कुंजी है। डॉ. शमिका रवि ने बताया कि कैसे भारत के अंदर पिछले कई वर्षों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में वोटिंग पैटर्न में महिलाओं का जो पार्टिसिपेशन है वह बढ़ा है। प्रो. एम.पी. गुप्ता ने कहा कि आईआईएम प्रबंधन और नीति के क्षेत्र में नारी नेतृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है। प्रो. सुनैना सिंह ने सांस्कृतिक राष्ट्र-निर्माण में नारी की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर कई सत्र आयोजित किया गया जिसमें वैश्विक स्तर पर महिलाओं की भूमिका, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका, नेतृत्व निर्माण पर गहन चर्चा और परिचर्चा का आयोजन किया गया कि कैसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों, कौशल विकास और शिक्षा के माध्यम से नारी सशक्तीकरण किया जा सके।

### अडानी समूह के साथ शकुंतला विश्वविद्यालय ने किया समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए अडानी समूह (अडानी सीमेंट) के साथ समझौता किया है। इसके तहत पाठ्यक्रमों में संशोधन के साथ विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों को विशेष औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।

कुलपति आचार्य संजय सिंह के नेतृत्व में हुए इस समझौते के तहत छात्रों को इंटर्नशिप, ऑन-फील्ड प्रशिक्षण और उद्योग विशेषज्ञों के व्याख्यान का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम को उद्योग की मांग के अनुसार अपडेट करेगा, जिससे छात्रों की प्लेसमेंट दर बढ़ाई जा सके। इसके अलावा छात्रों के लिए औद्योगिक भ्रमण कराए जाएंगे, ताकि वे कार्यप्रणाली को नजदीक से समझ सकें। संयुक्त शोध और नवाचार गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

अमेच्योर हैम रेडियो दिवस

इंटीग्रल विश्वविद्यालय के मासकॉम समन्वयक मोहम्मद जुबैर है हैम विशेषज्ञ

# हवा की तरंगों से दोस्ती और सेवा का संदेश है हैम रेडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आपदा काल में जब फोन और इंटरनेट की सेवाएं बाधित हो जाती है तब हैम रेडिया कार्य करता है। 1925 से लेकर अब तक दुनिया भर में 18 अप्रैल को अमेच्योर रेडियो (हैम रेडियो) दिवस मनाया जाता है। इंटीग्रल विश्वविद्यालय के मॉसकॉम विभाग के मोहम्मद जुबैर हैम रेडियो के विशेषज्ञों में से हैं। वह बताते हैं कि करीब 100 वर्ष पहले इसी दिन हैम रेडियो संचार को न केवल आपसी मित्रता बढ़ाने का माध्यम माना गया, बल्कि भूकंप, तूफान, बाढ़ और सुनामी जैसी आपदाओं के समय एसओएस संदेश भेजने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। जब संचार के सारे साधन ध्वस्त हो जाते हैं तब हैम रेडियो मानवता के लिए वरदान बन जाता है।




कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

हैम रेडियो के लाइसेंसधारी ऑपरेटर जुबैर का कहना है कि उनका लाइसेंस जनरल ग्रेड का है। जबकि उन्होंने इसे अपने गांव पर हाई-फ्रीक्वेंसी सेटअप विकसित किया है। जिसके माध्यम से वैश्विक स्तर पर हैम रेडियो ऑपरेटरों से जुड़ा रहता हूं। इसके अलावा उन्होंने मोबाइल पर वीएचएफ संचार का भी उपयोग किया है, जिससे लखनऊ के हैम रेडियो ऑपरेटर आपस में संवाद कर सकते हैं।

हैम शब्द के कई अर्थ बताए जाते हैं जिसमें हार्वर्ड रेडियो क्लब के कुछ शौकिया ऑपरेटरों के स्टेशन कॉल से जुड़ा है। उनके नाम थे अल्बर्ट एस. हाइमन, बॉब आल्मी और पूगी मरे। उन्होंने अपने स्टेशन का नाम जो रखा उसका संक्षिप्त ही हैम रेडियो हो गया। इसका सामान्य अर्थ है हेल्प ऑल मैनकाइंड जिसका अनूठा कॉल साइन होता है, जो संबंधित प्राधिकरण द्वारा दिया जाता है। भारतीय हैम रेडियो ऑपरेटरों ने नेपाल भूकंप, गुजरात भूकंप, ओडिशा चक्रवात और अंडमान सुनामी जैसी आपदाओं के दौरान अपनी सेवाएँ देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सिटी डायरी



मॉडल यूनाईटेड नेशनल कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### समस्याओं के सुझाए समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशन्स में छात्रों ने वैश्विक समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए संदेश दिया कि सर्वश्रेष्ठ विश्व व्यवस्था के लिए एकता व शान्ति ही अंतिम विकल्प है। विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का हूबहू नजारा प्रस्तुत किया और विभिन्न वैश्विक समस्याओं पर खुलकर अपने विचार रखे। संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न शाखाओं का प्रतिनिधित्व करती हुई छात्रों की आठ समितियों का गठन किया गया। छात्र प्रतिनिधियों ने जोरशोर से मानवाधिकारों की वकालत की द सेलेस्टियल काउंसिल, हिस्टोरिकल ज्वाइंट क्राइसिस कमेटी के अन्तर्गत ईरान, फिलस्तीन एवं इजराइल के मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। जबकि 'लोकसभा' नामक कमेटी में प्रतिभागी छात्रों ने राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विचार रखे।



नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रतिभाग करती महिलाएं।

### निर्णय में महिलाओं की भागीदारी जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री जयनारायण मिश्र पीजी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा शुक्रवार को महिला आरक्षण अधिनियम 2023 (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) विषय पर हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. केके शुक्ला के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें शिक्षिकाओं व छात्राओं ने भाग लेकर समर्थन दिया। संयोजिका प्रो. निहारिका वर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण राष्ट्र विकास का आधार है और यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक व सामाजिक रूप से सशक्त करेगा। प्रो. भारती पांडेय ने कहा कि इससे निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। प्रो. अलका शर्मा, प्रो. शमामा मिर्जा, प्रो. बंदना सिंह, डॉ. ममता दीक्षित, डॉ. नीता चक्रवर्ती, डॉ. अनुरंजिता व डॉ. शुचि गुप्ता ने अधिनियम के महत्व व प्रभावों पर विचार रखे।




मानव श्रृंखला बनाते कुलपति व अन्य।

### भाषा विवि में बनी मानव श्रृंखला

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर मंह एक विशाल मानव श्रृंखला के निर्माण से हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के निर्देशन में सैकड़ों स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने हाथ से हाथ मिलाकर एकजुटता का संदेश दिया। श्रृंखला के माध्यम से 'नारी शक्ति' के महत्व व समाज में उनकी सहभागिता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. साईमा अलीम, डॉ. मोहम्मद इरफान, डॉ. रत्नेश कुमार सिंह, इं. धीरेंद्र सिंह व डॉ. राशी श्रीवास्तव मौजूदरहे।



लविवि के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में हिस्सा लेती छात्राएं।

### गांवों में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने गोद लिए पांच गांवों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में बख़्शी का तालाब क्षेत्र के भैंसामऊ, गाज़ीपुर, डींगुरपुर, मिश्रीपुर और सोनवां गांवों में रैली व शैक्षिक कार्यक्रम हुए। इनमें महिलाओं के सशक्तिकरण और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी के महत्व से अवगत कराया गया।